BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**MOM of Committee of Management**
**Date: 17.06.2023**
**Place: Bihar CA office, 45/C, Patliputra Colony, Patna-800013**

**Time: 10:00 AM onwards**
**Attendance: As per Register.**

सभा के कोरम से आश्वस्त होने के बाद सभा के सभापति के आसन को अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने ग्रहण किया और सभा के प्रारंभ होने की अनुमति दी।

सभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूर्व की बैठक के निर्णय को संपुष्ट किया।

**एजेंडा संख्या-1:**

माननीय लोकपाल के द्वारा पारित दिनांक 30/05/2023 के निर्णय को पढ़ कर सुनाया गया एवं निवर्तमान (पद मुक्त) सचिव अमित कुमार के विरुद्ध बीसीए द्वारा दिनांक 19/01/2023 को दायर आवेदन के सन्दर्भ में माननीय लोकपाल के आदेश पर प्रसन्नता प्रकट की गयी।

माननीय लोकपाल महोदय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि बीसीए के कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के दिनांक 30/12/2022 की बैठक में अमित कुमार के विरुद्ध लिए गए निर्णय को सही मानते हुए पुष्ट किया है।माननीय लोकपाल महोदय ने अपने आदेश में श्री अमित कुमार के विरुद्ध बीसीए के द्वारा लगाये गए अनैतिक एवं गैर जिम्मेवाराना व्यवहार के आरोप को भी सही पाया है। माननीय लोकपाल के ट्रिब्यूनल ने श्री अमित कुमार के दिनांक 30/12/2022 के बाद के सचिव के रूप में सभी निर्णयों को भी निरस्त माना है।

माननीय लोकपाल ने अपने आदेश में बीसीए को निर्देश दिया है कि आदेश के 45 दिनों के अन्दर नियमित सचिव के चुनाव को संपन्न कराने तथा तब तक अस्थायी/कार्यवाही व्यवस्था को लागु रखने की भी अनुमति दी है।

श्री अमित कुमार के कृत्यों के विरुद्ध विधिक कारवाई के लिए भी बीसीए को अपने स्वविवेक से कारवाई हेतु अधिकृत किया है।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**निर्णय:** माननीय लोकपाल महोदय के आदेश को तत्काल प्रभाव से लागु माने जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया तथा उनके आदेश के अनुपालन हेतु अग्रतर कारवाई का भी निर्णय लिया गया।

**एजेंडा संख्या-2:**

क्रिकेट सञ्चालन गतिविधियों की रिपोर्ट के लिए आसन ने जीएम सञ्चालन श्री सुनील कुमार सिंह को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया। उपस्थापित प्रतिवेदन में श्री सुनील सिंह ने अभी तक के संपन्न अंतर जिला प्रतियोगिताएं और इनसे सम्बंधित भुगतान से सदस्यों को अवगत कराया

निर्णय: उपस्थित सदस्यों ने मौखिक प्रतिवेदन पर संतोष प्रकट किया और सभी खिलाडियों के प्रदर्शन का रिकॉर्ड संकलन का निर्देश पारित किया। आयोजक जिला संघों, प्रतिभागी जिला संघों, मैच ओफ्फिशियल्स के प्रति धन्यवाद देते हुए भविष्य में अम्पायर, स्कोरर का वर्कशॉप -प्रशिक्षण,परीक्षा आयोजित करने का भी निर्देश दिया। सर्वसम्मति से अंतर जिला प्रतियोगिता से सम्बंधित व्यय को भी पारित किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary